भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1565
बुधवार, 31 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

तटीय सफाई कार्यक्रम

†1565. श्री. पी.वी. मिधुन रेड्डी:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा अब तक कितने तटीय सफाई कार्यक्रम चलाए गए हैं और उनका ब्यौरा क्या है; और
(ख) इसके लाभों सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) 2017 से अब तक भारतीय तटीय क्षेत्र में कुल 300 तटीय सफाई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इनमें से 236 समुद्र तट सफाई कार्यक्रम राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए हैं। तटीय सफाई की शेष गतिविधियां (i) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से तथा स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर, स्वच्छता पखवाड़ा आदि जैसी कई मौजूदा सरकारी पहलों के तहत और (ii) राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (एनआईओ), गोवा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस और विश्व महासागर दिवस के अवसर पर आयोजित की गई।

(ख) राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया गया है

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा किए गए तटीय सफाई कार्यक्रमों की संख्या					
	2017	**2018**	**2019**	**2021**	**2022**	**2023**
गुजरात	-	-	3	3	13	5
महाराष्ट्र	-	-	3	3	6	8
गोवा	-	-	3	2	6	4
कर्नाटक	-	1	2	6	6	6
केरल	-	1	4	1	10	9
तमिलनाडु	1	2	9	12	14	12
पुदुच्चेरी	-	-	1	4	6	4
आंध्र प्रदेश	-	1	1	2	8	47
ओडिशा	-	1	4	6	7	5
पश्चिम बंगाल	-	-	1	1	9	4
लक्षद्वीप द्वीप समूह	-	-	2	-	7	5

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-	1	2	1	3	3
दमन	-	-	-	-	2	-
दीव	-	-	-	1	-	3
कुल	**1**	**7**	**35**	**41**	**97**	**112**

समुद्र तट की सफाई में स्थानीय समुदाय, छात्र, जन प्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक समाज संगठन आदि भाग लेते हैं। इन अभियानों से समुद्र तटों से प्लास्टिक, कांच, लकड़ी, फिश नेट, मेटल और खाद्य अपशिष्ट आदि की सफाई होती है। इन समुद्र तट सफाई अभियानों से निम्नलिखित के बारे में जनता को बताने से जागरूकता फैलती है:

- समुद्र तटों की सफाई और प्रदूषण से समुद्र तट के पर्यावरण की रक्षा करना।
- एकल उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना।
- मछली पकड़ने के दौरान फटे और बेकार जालों को समुद्र में फेंकने से बचने के लिए मछुआरों में जागरूकता बढ़ाना।
- पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देना और तटीय क्षेत्रों की सुंदरता को बनाए रखना।
- युवाओं और बच्चों को स्वच्छ और स्वस्थ महासागरों के महत्व के बारे में शिक्षित करना।

*****